कपड़ा निर्यात 29.8 अरब डॉलर पर

नई दिल्ली। देश में हस्तशिल्प सहित कपड़ा और परिधान निर्यात चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह अप्रैल और दिसंबर के दौरान बढ़कर करीब 29.8 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह आंकड़ा करीब 21.2 अरब डॉलर था।

कपड़ा मंत्रालय ने कहा, "कपड़ा क्षेत्र ने आयात के मुकाबले कई गुना अधिक निर्यात के साथ व्यापार अधिशेष स्थिति को लगातार बनाए रखा है। वर्ष 2020 और 2021 में आपूर्ति श्रृंखला और मांग को बाधित करने वाली करोना वायरस महामारी के कारण कपड़ा निर्यात में मंदी थी।" मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने हस्तशिल्प सहित वस्त्र और परिधान के निर्यात के लिए 44 अरब डॉलर का लक्ष्य रखा है।